Press Release

<u>राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार - मीरजापुर, उत्तर प्रदेश में महिला जन सुनवाई का आयोजन</u>

राष्ट्रीय महिला आयोग प्रत्येक महिला के सशक्तिकरण एवं उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उनके विषयों को जमीनी स्तर पर संबोधित करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए, आयोग "राष्ट्रीय महिला आयोग- आपके द्वार" महिला जन सुनवाई का आयोजन कर रहा है। इस जन सुनवाई का उद्देश्य महिलाओं से संबंधित लंबित मामलों का समाधान करना तथा यथासंभव सभी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रदान करना है।

यह महिला जन सुनवाई 18 सितंबर, 2025 को सुबह 10:00 बजे से मीरजापुर में स्थित पुलिस लाइन सभागार कक्ष मे आयोजित की जाएगी, जिसमें राष्ट्रीय महिला आयोग की माननीय अध्यक्षा श्रीमती विजया रहाटकर उपस्थित रहेंगी। राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा आयोजित इस जन सुनवाई में जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारिगण भी सक्रिय रूप से भाग लेंगे, जिससे महिलाओं से संबंधित मुद्दों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

राष्ट्रीय महिला आयोग की माननीय अध्यक्षा श्रीमती विजया रहाटकर **18 सितंबर** को **मीरजापुर** के प्रवास पर रहेंगी। एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान श्रीमती विजया रहाटकर जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ भी समीक्षा बैठक करेंगी। राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा महिलाओं के लिए पोषण आहार पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा महिलाओं को डिजिटल रूप से सशक्त करने हेतु YASHODA AI कार्यक्रम चलाया जा रहा है, इस कार्यक्रम के माध्यम से देश भर की महिलाओं को

आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस का ज्ञान दिया जाता है। YASHODA AI कार्यक्रम के अंतर्गत मीरजापुर मे महिलाओं के लिए प्रशिक्षण सत्र का भी आयोजन किया जाएगा। आयोग द्वारा मीरजापुर में “शी इज ए चेंजमेकर” कार्यक्रम के अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं की निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों हेतु क्षमता निर्माण कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।

राष्ट्रीय महिला आयोग मीरजापुर और आसपास के सभी शहरों की महिलाओं से यह आग्रह करता है कि यदि वे किसी भी प्रकार की समस्या से पीड़ित हैं तो इस जन सुनवाई में भाग लेकर अपनी समस्या आयोग तक पहुचाएँ। प्रत्येक महिला को त्वरित न्याय मिले इसी उद्देश्य के साथ आयोग आपकी प्रत्येक समस्या के समाधान को खोजने के लिए प्रयासरत रहेगा। सुनवाई मे भाग लेने से संबन्धित किसी भी जानकारी हेतु 7011972862 पर संपर्क किया जा सकता है।